अपने जीवन को 11 दिनो में बदलो

Powerful Success Rules for Everyone

आनन्द गिरि

अपने जीवन को 11 दिनो में बदलो

Powerful Success Rules for Everybody

Table of contents:

1.Change your thoughts-Change your life
2.How to change your habits
3.Five important habits that will change your life instantly
4.How to set goals that will change your life
5.How to attract whatever you want
6.Do you want to be the richest in the world?
7. Choose the right direction
8.Change your blueprint
9.Know who you are and know your real powers
10. The Law of attraction and the law of Karma
11. No one can stop your growth and success

सूचकांक की तालिका

1. अपने विचारों को बदलें- अपना जीवन बदलें

2. अपनी आदतों को कैसे बदलें

3. पांच महत्वपूर्ण आदतें जो आपके जीवन को तुरंत बदल देगी

4. लक्ष्यों को कैसे दृढ़ करें जो आप के जीवन को बदल देंगे

5. जो कुछ भी आप पाना चाहते हैं उससे आकर्षित कैसे होए

6. क्या आप संसार के सबसे अमीर व्यक्ति बनना चाहते हैं?

7. सही दिशा का चयन करें

8. अपनी योजना बदलें

9. आप स्वयं को और अपनी वास्तविक शक्तियों को जाने

10. आकर्षण और कर्म के सिद्धांत

11. कोई भी आपके विकास और सफलता को रोक नहीं सकता

लेखक का नोट -

मैं सार्वलौकिक- भव्य चेतना और मेरे पूज्य गुरुदेव का नमन करता हूँ, इस देश के महान देशभक्त और इस देश की मिट्टी से जन्मी सभी महान आत्माएँ हैं। मैं अपने गुरु का आभारी हूँ जो मेरे मस्तिष्क और आत्मा में समाए हुए है और

लगातार मुझे इस विनाशकारी सांसारिक जीवन में मेरे अच्छे और बुरे समय में मार्गदर्शन देते है। वह मुझे मेरे जीवन में बार - बार परमेश्वर, सर्वदर्शी और सर्वशक्तिमान् प्रकृति के बारे में ध्यान दिलाते हैं , वह प्रकृति जो इस ग्रह पर रहने वाले हर जीव आदि की है।

मानव जीवन को इस बात पर मापा जाता है कि हम कितने महान तरीके से अपना जीवन यापन करते हैं , नाकि इस पर के हम कब तक जीवित रहेंगे। मैंने अपने कुछ विचारों को लिखा जिससे मैने मेरे जीवन को सुंदर, सामंजस्यपूर्ण और आनंदमय बनाया। यह विचार अत्युतम और वास्तविक हैं और कोई भी इसे आसानी और तृव्रता से ग्रहण कर सकता है और कोई भी अपने जीवन को हमेशा के लिये बदल सकता हैं। इन विचारों का पालन करके, जीवन के हर मार्ग पर आप शांति, स्वास्थय, संपत्ति, खुशी और विशाल सफलता प्राप्त कर सकते है। इन विचारों का पालन कर के आप आनन्द की चरम सीमा को प्राप्त कर सकते है।

प्यार और बधाइयों के साथ,

आनन्द गिरि

www.anand-giri.com

मैं लेखक कु दीपाली नायक को इस पुस्तक के हिंदी अनुवाद के लिए हार्दिक धन्यवाद करता हूं।

इससे पहले कि आप इस पुस्तक को पढ़ना शुरु करें, कृपया एक नोटबुक और कलम लें और इसे अपने पास रखें। आपसे अनुरोध है " बिना किसी नोटबुक और पेन के पढ़ना शुरु ना करें"।

जब तक आप सफलता के इन नियमों के मास्टर नहीं बन जाते, तब तक इस पुस्तक को बार-बार पढ़ें। इस पुस्तक (पेपरबैक) को अपने बिस्तर के पास और ई-बुक को किंडल और स्मार्टफ़ोन में रखें।

अध्याय -1

अपने विचारों को बदलें- अपना जीवन बदलें

क्यों कुछ लोग प्रसन्न हैं और अन्य लोग दुखी और उदास हैं? क्यों कुछ लोग अमीर और सफल हैं और वही कुछ गरीब हैं और आभाव से भरा जीवन जीते हैं? क्यों कुछ लोग मशहूर और शक्तिशाली हैं और वही कुछ अन्य लोग सड़क पर भी अज्ञात हैं, जहां वे बिना किसी शक्ति या प्रसिद्धि के रहते हैं? क्यों कुछ लोग स्वस्थ और तंदुरुस्त हैं और अन्य बीमार और अयोग्य हैं?

इन सभी सवालों के एक सामान्य और एक ही जवाब है। जवाब है "आपके विचार ही आपके जीवन को दिशा देते हैं।

मुझे एक कहानी याद है, एक विक्रेता बाजार में हीलियम गैस से भरे गुब्बारे बेच रहा था। कई रंगों और आकारों के गुब्बारे थे। सभी गुब्बारे लंबे धागे से बंधे थे ताकि वह ऊपर-ऊपर से उड़ते रहे। एक छोटा लड़का विक्रेता के पास आया और उससे पूछा, "महोदय, कौन सा रंग गुब्बारा सबसे ऊपर उडेगा ? काला गुब्बारा? सफेद गुब्बारा? या लाल?

विक्रेता ने जवाब दिया "हे मेरे प्रिय बच्चे , इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि गुब्बारा कौन से रंग का है , असल में मायने ये रखता है के इन गुब्बारों के भीतर क्या है। गुब्बारे हवा से भरे हुए होते है जिसकी वजह से वह ऊपर तक उड़ते है।

हम सभी के लिए भी यही सत्य लागू होता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम कौन से रंग के हैं, हम कहाँ पैदा हुए थे, हम किस सामाजिक आर्थिक स्थिति में हैं, किस परिवार में हम पैदा हुए थे या किस तरह की शिक्षा ली थी, यह महत्वपूर्ण है कि हमारा मस्तिष्क किस तरह के विचारों से भरा हुआ है। इससे हमें अपने जीवन में ऊंचाइयां प्राप्त कर सकते है और जीवन में सभी प्रकार की सफलता प्राप्त होती है।

आप अपना भाग्य स्वयं लिखते हैं। आप अपनी खुशी या दर्द के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं। जो कुछ भी अब आपको मिला है यह वही है जिसे पाने की इच्छा आपने की थी। आपका वर्तमान आपके पिछले विचारों से जुड़ा हुआ है। आपने अपनी जिंदगी की कहानी खुद लिखी है। कोई भी आपके जीवन के लिए ज़िम्मेदार नहीं है। कभी भी अपने दुखों के लिए किसी को दोष न दें। आपने जो चाहा था, वो आपको मिल गया।

अगर आप खुशी चाहते हैं, तो आपको खुशी मिलेगी। यदि आप प्रसिद्ध होना चाहते हैं, तो आप प्रसिद्ध हो जायेंगे। यदि आप अमीर बनना चाहते हैं, तो आप अमीर बन जायेंगे। यदि आप शक्तिशाली बनना चाहते हैं, तो आप शक्तिशाली बन जायेंगे। यदि आप स्वस्थ होना चाहते हैं, तो आप स्वस्थ हो